# अच्छी तरह कार्यों का निर्वहन करें बीट पुलिस अधिकारी : एसपी

**जासं, श्रावस्ती :** पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को सैनिक सम्मेलन व बीट प्रणाली व्यवस्था को लेकर बीट पुलिस अधिकारियों की गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एसपी प्राची सिंह ने की। उन्होंने थानों व प्रकोष्ठों से आए पुलिस कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर संबंधित को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

एसपी ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में बीट पुलिस अधिकारी के रूप क्षेत्र में तैनाती की गई है। अपने कार्यों का निर्वहन अच्छी तरह से करें। सभी को समन तामिला, शस्त्र सत्यापन, प्रार्थना पत्र की गुणवत्तापूर्ण जांच, एचएस (हिस्ट्रीशीटर) की निगरानी व बैंक की जांच करनी है। बीट क्षेत्र में समस्या हो, तो सूचना अवश्य लिखाएं। चौपाल लगाकर जनता से संवाद करें। उनकी समस्याओं को सुनें। आसपास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने के लिए प्रेरित करें। गांव के संभ्रांत व्यक्तियों का वाट्सएप ग्रुप बनाएं।



पुलिस लाइन सभागार भिनगा मे सिरसिया थाने के आरक्षी विनोद कुमार (दाएं) को प्रशस्ति पत्र देती एसपी प्राची सिंह (बाएं) ● जागरण

● पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन व गोष्ठी आयोजित

एसपी ने बताया कि सभी थानों को मिलाकर कुल 144 पुरुष बीट व महिला संबंधी अपराध को रोकने व इन्हें जागरूक करने के लिए 48 महिला बीट बनाई गई है। सैनिक सम्मेलन के दौरान सिरसिया क्षेत्र में हुए ब्लाइंड मर्डर व चोरी की घटना का 48 घंटे में राजफाश करने वाली क्राइम ब्रांच व सिरसिया पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र देकर एसपी ने सम्मानित किया। संचालन एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने किया। सीओ अतुल कुमार चौबे, प्रतिसार निरीक्षक बिनोद कुमार सिंह मौजूद रहे।